CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 133 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शनिवार , 01 नवम्बर, 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## जयपुर में 'रन फॉर यूनिटी' में उमड़ा जोश मुख्यमंत्री बोले, सरदार पटेल ने सशक्त भारत की नींव रखी, अब युवाओं की बारी

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर शुक्रवार को गांधी सर्किल से 'रन फॉर यूनिटी' का भव्य आयोजन हुआ। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, खेल मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ सहित कई मंत्री, सांसद, विधायक, अधिकारी, विद्यार्थी और सैकड़ों युवाओं ने दौड़ में भाग लेकर राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश दिया। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि सरदार पटेल ने सैकड़ों रियासतों को एक सूत्र में जोड़कर सशक्त भारत की नींव रखी थी, अब उस भारत को विकसित भारत बनाने की जिम्मेदारी युवाओं पर है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार युवा सशक्तिकरण और रोजगार सृजन पर लगातार काम कर रही है । अब तक 91 हजार युवाओं को रोजगार दिया जा चुका है, और एक लाख से अधिक पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है।



### सीएम ने युवाओं को तीन संकल्प दिलाए :

राष्ट्रीय एकता को सर्वोपरि रखना, अखंड भारत के निर्माण में योगदान देना, और आत्मनिर्भर भारत के लिए समर्पित रहना। शर्मा ने कहा, पूरा विश्व आज भारत की ओर आशा से देख रहा है। अगर युवा इन संकल्पों पर अमल करें, तो आने वाला युग निश्चित रूप से भारत का होगा।

## निर्दयता की हद पार : नवजात को कंटीली झाड़ियों में फेंका, ग्रामीणों ने बचाई मासूम की जान

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**



जिले में शुक्रवार सुबह मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई। गुलाबपुरा थाना क्षेत्र के भोजपुर और दौलतगढ़ गांव के बीच एक नींबू के बगीचे में कुछ घंटे पहले जन्मे नवजात शिशु को उसके परिजनों ने कंटीली झाड़ियों में फेंक दिया। सड़क से गुजर रहे ग्रामीणों ने जब बच्चे की रोने की आवाज सुनी तो वे सन्न रह गए। पास जाकर देखा तो झाड़ियों में एक कपड़े में लिपटा नवजात बिलख रहा था। ग्रामीणों ने झाड़ियां हटाकर बच्चे को बाहर निकाला और गोद में उठाया। इसके बाद उन्होंने पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी।

सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और बच्चे को गुलाबपुरा अस्पताल ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे महात्मा गांधी जिला अस्पताल रेफर किया गया। फिलहाल शिशु जिला अस्पताल के शिशु वार्ड (एनआईसीयू) में भर्ती है, जहां डॉक्टरों की टीम लगातार उसकी स्थिति पर नजर रखे हुए है।

जानकारी में सामने आया है की बच्चे के शरीर पर केवल एक लंगोट बंधी थी, जिससे स्पष्ट होता है कि उसका जन्म कुछ ही घंटे पहले हुआ था और जन्म के तुरंत बाद ही उसे झाड़ियों में फेंक दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर परिजनों की तलाश शुरू कर दी है।

## डोटासरा ने कहा आरएसएस चला रही है सरकार, मंत्री खुद बेबस, कलेक्टर फोन तक नहीं उठाते

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने शुक्रवार को भाजपा सरकार और आरएसएस पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि आरएसएस चुनाव नहीं लड़ता, लेकिन इस तरह राज कर रहा है जैसे जनता ने उसे ही चुनकर भेजा हो।

डोटासरा ने आरोप लगाया कि राजस्थान की सरकार अब दिल्ली के इशारों पर चल रही है, जिससे राज्य की स्वायत्तता और प्रशासनिक गरिमा दोनों खतरे में हैं।

**राजस्थान अब केंद्र शासित प्रदेश जैसा हो गया है**

डोटासरा ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में कहा राजस्थान एक स्वतंत्र राज्य है, लेकिन भाजपा और आरएसएस ने इसे केंद्र शासित प्रदेश बना दिया है। यहां कोई भी निर्णय बिना दिल्ली की पर्ची के नहीं होता।

**ब्यूरोक्रेसी हावी, मंत्री भी लाचार**

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष ने सरकार की कार्यशैली को लेकर कहा प्रदेश में ब्यूरोक्रेसी इतनी हावी हो चुकी है कि



मुख्यमंत्री और मंत्री भी अपनी बात नहीं मनवा पा रहे हैं। ऐसे में आम जनता की कौन सुनता है? आज हालात यह हैं कि मंत्री जिलों में जाते हैं तो उनसे मिलने तक कोई नहीं आता। कलेक्टर फोन नहीं उठाते, और मंत्री चाय-नाश्ता करके लौट आते हैं। डोटासरा ने कहा की जनता सरकार से पूरी तरह ऊब चुकी है , अबकी बार जनता इन नेताओं को टैंपो में बैठने लायक भी नहीं छोड़ेगी।

**राजस्थान के ठेके गुजरात की लॉबी के कब्जे में**

डोटासरा ने सरकार पर ठेकों में बाहरी दबाव के आरोप लगाए। आज राजस्थान के ठेके स्थानीय लोगों को नहीं, बल्कि दिल्ली और गुजरात की लॉबी को दिए जा रहे हैं। मंत्री पहले सवाल उठाते हैं और दो दिन बाद 'सेटिंग' के बाद चुप हो जाते हैं। यह सरकार पूरी तरह बाहरी प्रभाव में काम कर रही है।

मुख्यमंत्री को कुछ करना नहीं जो ऊपर से आदेश आता है उसे करते है मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए डोटासरा बोले राजस्थान का बट्टा बैठाने में मुख्यमंत्री का नाम सबसे ऊपर है। उन्हें खुद कुछ करना नहीं, ऊपर से जो आदेश आता है, बस वही करते हैं। अब तो डीजीपी के ऊपर चार-चार डीजी बैठा दिए गए हैं। कमिश्नर और स्पेशल कमिश्नर दोनों बना दिए हैं ,आखिर स्पेशल क्या करेगा?

**कैबिनेट मीटिंग में मंत्री को सुनाई गई दिल्ली की शिकायतें**

डोटासरा ने दावा किया कि हाल ही में हुई मंत्रिमंडल बैठक में जब एक मंत्री ने कहा कि कलेक्टर और एसपी बात नहीं सुनते, तो मुख्यमंत्री ने उसी मंत्री को टोकते हुए कहा पहले अपनी शिकायतें देखो, दिल्ली में तुम्हारे खिलाफ पीएम और अमित शाह तक शिकायतें पहुंची हैं। यह सुनते ही वह मंत्री भी चुप हो गया और बाकी सारे मंत्री भी मौन रह गए।

**चुनाव प्रक्रिया पर उठाए सवाल**

डोटासरा ने निर्वाचन विभाग पर भी पक्षपात के आरोप लगाए। एसआईआर के तहत हमारे किसी बूथ लेवल एजेंट को अब तक ट्रेनिंग की सूचना नहीं दी गई है। यह उनकी जिम्मेदारी है, लेकिन कांग्रेस खुद अपने एजेंट्स को प्रशिक्षित कर रही है। हम एक भी मतदाता का नाम गलत तरीके से नहीं कटने देंगे। उन्होंने सुझाव दिया कि बीएलओ को हर वोटर से फोटो मांगने के बजाय बीएलओ ऐप से सीधे फोटो अपलोड करने की व्यवस्था करनी चाहिए, ताकि ग्रामीण इलाकों के लोगों को परेशानी न हो। डोटासरा ने कहा कि भाजपा सरकार ने न केवल लोकतांत्रिक मर्यादाओं को तोड़ा है, बल्कि राज्य की प्रशासनिक प्रणाली को भी पंगु बना दिया है। जनता सब समझ रही है। इस बार राजस्थान में भाजपा का बट्टा बैठना तय है। जनता अब असली जवाब देगी।

## अजमेर रोड पर हादसा: खड़े ट्रक से टकराया ट्रक, चालक की मौके पर मौत



**भीलवाड़ा फोकस @ मांडल ।**

नेशनल हाईवे-48 पर शुक्रवार अल सुबह एक दर्दनाक हादसे में ट्रक चालक की मौत हो गई। शाहपुरा तिराहे से आगे सड़क किनारे खड़े ट्रक से तेज रफ्तार ट्रक जा टकराया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चलते ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना सुबह करीब चार बजे की है। सूचना पर मांडल थाना पुलिस और हाईवे एंबुलेंस मौके पर पहुंची। मृतक की पहचान ललन प्रसाद (40) पुत्र कपिल प्रसाद, निवासी मतया खास (बिहार) के रूप में हुई। शव को मांडल अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है।

जानकारी के अनुसार, सामने से आ रहे ट्रकों की तेज हेडलाइट की चमक के कारण चालक को आगे खड़ा ट्रक नजर नहीं आया और दुर्घटना हो गई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है ।

## जयपुर हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी से मचा हड़कंप, परिसर खाली करवाया, जांच के बाद मिली राहत

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजस्थान हाईकोर्ट की जयपुर बेंच में शुक्रवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब कोर्ट प्रशासन को ई-मेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली। सुबह करीब 11 बजे आए इस धमकी भरे मेल के बाद चल रही सभी सुनवाइयाँ तत्काल रोक दी गई और परिसर को खाली करवाया गया। सुरक्षा एजेंसियों ने मौके पर पहुंचकर हाईकोर्ट भवन की गहन तलाशी ली। करीब दो घंटे की जांच के बाद कोई विस्फोटक सामग्री नहीं मिलने पर परिसर को सुरक्षित घोषित किया गया।

जानकारी के अनुसार, धमकी भरा ई-मेल रजिस्ट्रार प्रशासन की आधिकारिक आईडी पर आया था। मेल में लिखा था हमारे पास कोई अन्य विकल्प नहीं है, हम हाईकोर्ट परिसर को उड़ाने जा रहे हैं। संपत्ति को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं, इसलिए जल्द कोर्ट खाली करवा लें। संदेश मिलते ही कोर्ट प्रशासन ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। इसके बाद बम निरोधक दस्ता, एटीएस, डॉग स्क्वाड और पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और पूरे परिसर की सघन तलाशी ली। जांच के दौरान न्यायाधीशों, अधिवक्ताओं, कर्मचारियों और पक्षकारों को सुरक्षित स्थानों पर भेज दिया गया। करीब दो घंटे की तलाशी के बाद जब कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली, तब दोपहर दो बजे एक्टिंग चीफ जस्टिस ने पुनः सुनवाई शुरू करने के निर्देश दिए। घटना के दौरान जयपुर बेंच में लगभग ढाई हजार केसों की सुनवाई निर्धारित थी, जिनमें से अधिकांश मामलों की सुनवाई बाधित रही। इनमें 400 से अधिक जमानत याचिकाएं भी शामिल थीं। सुरक्षा कारणों को देखते हुए हाईकोर्ट बार एसोसिएशन जयपुर के अध्यक्ष महेन्द्र शांडिल्य और महासचिव रमित पारीक ने अदालतों में केसों की सुनवाई एक दिन के लिए स्थगित करने का निर्णय लिया। फिलहाल पुलिस साइबर टीम उस ई-मेल की आईपी लोकेशन और स्रोत का पता लगाने में जुटी है। प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि धमकी भरा मेल भले ही फर्जी निकला हो, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कोई लापरवाही नहीं बरती जाएगी।




'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

## नयानगर में अवैध पत्थर खनन पर बड़ी कार्रवाई, लोडर-बाइक-कंप्रेशर जब्त

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

नयानगर क्षेत्र में सरकारी भूमि पर चल रहे अवैध पत्थर खनन पर शुक्रवार देर रात खनिज विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की। टीम ने मौके पर दबिश देकर एक लोडर, एक बाइक और एक कंप्रेशर जब्त किया है।

फोरमैन गिरिराज मीणा ने बताया कि कार्रवाई सरकारी भूमि आराजी नंबर 124 पर की गई, जहां ग्रामीणों से अवैध खनन की शिकायतें मिल रही थीं। टीम के पहुंचते ही खननकर्ता अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए, जबकि लोडर चालक सोहनलाल को मौके से पकड़ लिया गया।



पूछताछ में चालक ने बताया कि वह परवेज नामक व्यक्ति के लिए अवैध खनन का काम कर रहा था। विभाग ने परवेज समेत अन्य संलिप्त लोगों के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। खनिज विभाग की टीम ने मौके से जब्त किए गए वाहनों को थाने में सुपुर्द कर दिया है। मीणा ने बताया कि क्षेत्र में अवैध खनन पर सख्त निगरानी रखी जा रही है? दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

CMYK

# मोही में प्रशासन की बड़ी कार्रवाई ,डेढ़ साल से बंद मुख्य रास्ता खुलवाया

भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़।



उपखंड क्षेत्र के मोही गांव में प्रशासन ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए डेढ़ वर्ष से बंद पड़े मुख्य रास्ते को खुलवाया। यह रास्ता गांव के राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज खसरा नंबर 236 में स्थित है, जिसे एक ग्रामीण ने पत्थर की कोट चुनवाकर बंद कर दिया था। लंबे समय से ग्रामीण इस मार्ग के बंद होने से परेशान थे और प्रशासन से इसकी शिकायत कर रहे थे।

शिकायत के आधार पर उपखंड अधिकारी मांडलगढ़ द्वारा मामले की सुनवाई कर बेदखली के आदेश जारी किए गए। इसके बाद शुक्रवार को तहसील टीम, नगर पालिका बीगोद और पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंची। जेसीबी और ट्रैक्टर की मदद से अतिक्रमण हटाकर रास्ता पूरी तरह खोल दिया। कार्रवाई में नगर पालिका बीगोद द्वारा जेसीबी और अन्य संसाधन उपलब्ध कराए गए। अतिक्रमण हटने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली और प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

ग्रामीणों ने बताया कि पिछले डेढ़ वर्ष से यह मुख्य मार्ग बंद होने के कारण खेतों और दूसरे गांवों तक आवागमन में भारी दिक्कतें हो रही थीं। कई बार शिकायत करने के बावजूद कार्रवाई नहीं हुई थी, लेकिन अब प्रशासनिक सख्ती से रास्ता खुलने से उन्हें बड़ी राहत मिली है।

# जीरो डोज कार्यक्रम पर इन्फ्लुएंसर्स की कार्यशाला आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को जीरो डोज कार्यक्रम के तहत समाज के प्रभावशाली सहयोगियों की आमुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, यूनिसेफ और शिव शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।



मुख्य अतिथि डॉ. गोपाल यादव बीसीएमओ ने कहा कि समाज के प्रभावशाली व्यक्ति टीकाकरण से हिचकिचाने वाले परिवारों तक भरोसेमंद कड़ी बन सकते हैं।राज्य समन्वयक कुमारिल मिश्रा ने बताया कि जीरो डोज पहल का लक्ष्य उन बच्चों तक पहुँचना है जिन्हें अब तक एक भी टीका नहीं लगा।

कार्यक्रम में डॉ. अंसार खान सीएचसी प्रभारी, सुरेन्द्र सोनी जिला समन्वयक, गोविंद सिंह, संगीता धाकड़, विक्रम गुर्जर और देवीलाल सहित कई लोग उपस्थित रहे ।

# कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का हुआ आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

**मानव तिवाड़ी** । राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में महिला अधिकारिता विभाग की ओर से शुक्रवार को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य दिलीप महावर अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य महेंद्र, देवेंद्र शर्मा, आईसीडीएस विभाग से महिला पर्यवेक्षक संगीता धाकड़, ब्लॉक सुपरवाइजर अर्चना राव, ग्राम साथीन रेखा शर्मा और कृष्णा रावत सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

# शाहपुरा में परीक्षा के दौरान तीन परीक्षार्थी नकल करते पकड़े गए

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

**(मूलचंद पेसवानी)** राजकीय महाविद्यालय, शाहपुरा में महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर की एम.एस.सी. रसायन शास्त्र सेमेस्टर-2 परीक्षा के दौरान तीन परीक्षार्थी नकल करते हुए रंगे हाथ पकड़े गए। प्राचार्य डॉ. पुष्कर राज मीणा ने बताया तीन पकड़े गए परीक्षार्थीयो के विरुद्ध कार्रवाई फ्लाइंग निरीक्षण के दौरान प्रो. रामावतार मीणा, प्रो. मूलचंद खटीक, डॉ. अनिल कुमार श्रोत्रिय और डॉ. ऋचा अंगिरा की टीम द्वारा की गई।

प्राचार्य ने बताया कि परीक्षा अधिनियम 1992 के अनुसार नकल गंभीर अपराध है, जिसमें परीक्षा निरस्त करने और तीन वर्ष तक परीक्षा देने पर रोक का प्रावधान है। विश्वविद्यालय को रिपोर्ट भेज दी गई है।

कॉलेज प्रशासन ने कहा कि निष्पक्ष परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए सख्त निगरानी रखी जा रही है और किसी भी अनुचित गतिविधि पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# सरदार पटेल जयंती पर 'रन फॉर यूनिटी' में उमड़ा उत्साह , एकता का दिया संदेश

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर शुक्रवार सुबह राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बालाजी चौराहा से हुआ, जो शक्करगढ़ चौराहा तक लगभग एक किलोमीटर की दूरी तक संपन्न हुआ। सुबह 7 बजे शुरू हुई एकता दौड़ में सीएलजी सदस्य, सुरक्षा सखी, पुलिस मित्र, ग्राम रक्षक, पुलिस परिवार के सदस्य सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी शामिल हुए। दौड़ के दौरान



एक भारत, श्रेष्ठ भारत और राष्ट्र एक, संकल्प अटूट जैसे नारे गूंजते रहे।इस अवसर पर उपखंड अधिकारी अजीत सिंह राठौड़, सीआई लोकपाल सिंह, अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल, उगमाराम सैनी और पंचायत समिति सदस्य हितेंद्र राजोरा सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

# भाविप का दीपावली स्नेह मिलन और स्वास्थ्य शिविर संपन्न

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

भारत विकास परिषद की स्थानीय शाखा द्वारा दीपावली स्नेह मिलन समारोह गोलमगढ़ बालाजी स्थल पर हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में सदस्यों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और हाउजी व चेयर रेस जैसे मनोरंजक खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान 14 से 16 नवंबर तक आर्ट ऑफ लिविंग शिविर भीलवाड़ा के शिक्षक देवेंद्र जोशी के सानिध्य में सुबह 6:30 से 7:45 बजे तक लगाने का निर्णय लिया गया। इससे पूर्व नटराज हॉस्पिटल में परिषद और थायरोकेयर लेब मुंबई के संयुक्त



तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर संपन्न हुआ, जिसमें 170 से अधिक लोगों ने 72 प्रकार की जांच करवाई और विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श लिया। शिविर में डॉ. राजेंद्र लखारा, परिषद संरक्षक डॉ. दुर्गाशंकर मेहर, अध्यक्ष डॉ. नानालाल धाकड़ सहित कई पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

# जिला परिवहन विभाग की बड़ी कार्रवाई, सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने पर 63 बसों पर चालान, 6 वाहन जब्त

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

जैसलमेर बस हादसे के बाद यात्री वाहनों में सड़क सुरक्षा मानकों की सख्त अनुपालना सुनिश्चित करने के निर्देशों के तहत जिला परिवहन विभाग द्वारा विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। जिला परिवहन अधिकारी रामकृष्ण चौधरी ने बताया कि 30 अक्टूबर तक चलाए गए , अभियान में कुल 63 बसों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चालान बनाए गए। इनमें से कई वाहनों में परमिट शर्तों का उल्लंघन, वाहन में लगेज ले जाना, आपातकालीन निकास द्वार का अभाव, अग्निशमन यंत्र की अनुपलब्धता, तथा क्षमता से अधिक यात्रियों को ले जाने जैसे गंभीर मामले पाए गए। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान 6 बसों में सुरक्षा मानकों के गंभीर उल्लंघन वाहन की बॉडी में अवैध परिवर्तन, आपातकालीन द्वार के स्थान पर स्लीपर का निर्माण और बॉडी ओवरहैंग बढ़ाना पाए जाने पर इन वाहनों को जब्त कर मोटर वाहन अधिनियम के तहत पंजीयन प्रमाण पत्र निलंबन के नोटिस जारी किए गए हैं। इन वाहन स्वामियों को 10 दिन का समय दिया गया है ताकि वे वाहन में किए गए अवैध परिवर्तन दुरुस्त कर पुनः निरीक्षण हेतु वाहन जिला परिवहन कार्यालय में प्रस्तुत कर सकें। साथ ही, बस बॉडी निर्माताओं की जांच में भी कई अनियमितताएँ सामने आई। नियमों के विपरीत बॉडी निर्माण करने पर 17 बसों के चेसिस जब्त किए गए हैं।

चौधरी ने बताया कि सड़क सुरक्षा मानकों की अवहेलना, वाहनों की छतों पर लगेज ले जाने और बॉडी में नियम विरुद्ध परिवर्तन कराने वाले वाहनों के खिलाफ उड़नदस्तों की नियमित जांच कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य अंकित तिवारी, मंडल अध्यक्ष अनिल राव, ऋषि सोनी, जिला महासचिव सेवादल रणजीत सिंह कानावत, ब्लॉक अध्यक्ष सेवा दल मुकेश खटीक, यूथ



महासचिव विशाल तिवारी, , गोपाल शर्मा, बालकिशन खटीक, विक्रम सोनी, किशन खटीक, शेर सिंह चौहान, बाबूलाल नायक, सत्तार फौजदार सहित कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पारोली में 'रन फॉर यूनिटी' का हुआ आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ पारोली

**विनोद शर्मा** सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के उपलक्ष्य में शुक्रवार को पारोली में 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्र एकता के नारों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। इस अवसर पर पुलिस जवानों, सामाजिक संगठनों, विद्यार्थियों और स्थानीय नागरिकों ने एकजुट होकर अखंड भारत का संदेश दिया थाना प्रभारी प्रभाती लाल मीणा ने सभी उपस्थित जनों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई और सरदार पटेल के देश निर्माण में योगदान को याद किया।



उन्होंने कहा कि लौहपुरुष सरदार पटेल ने जिस एकता और अखंडता की नींव रखी, उसी दिशा में हमें समाज को संगठित रखने का संकल्प लेना चाहिए कार्यक्रम में पुलिस अधिकारी, जवान,और ग्रामीण जन उत्साहपूर्वक शामिल हुए। आयोजन के अंत में देश की एकता और समरसता बनाए रखने का संकल्प लिया गया

# बारिश में भी गूंजी एकता की गूंज , शाहपुरा में रन फॉर यूनिटी का आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

**(किशन वैष्णव)।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर शुक्रवार को शाहपुरा पुलिस द्वारा रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। बारिश की बूंदों और ठंडी हवाओं के बीच सैकड़ों प्रतिभागियों ने मुखर्जी उद्यान से दौड़ शुरू कर राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश दिया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश आर्य, वृताधिकारी ओम प्रकाश, थानाधिकारी सुरेश, पुलिस टीम, सीएलजी सदस्य, विद्यार्थी और समाजसेवी उपस्थित रहे। सभी ने सरदार पटेल की



प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि सरदार पटेल ने देश को एक सूत्र में बांधने का कार्य किया, जो आज भी प्रेरणा देता है।

कार्यक्रम के अंत में सभी ने राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया।

# रन फॉर यूनिटी में गूंजे राष्ट्र एकता के नारे

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला

**(विक्रम सिंह)।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर गुरुवार को काछोला में रन फॉर यूनिटी का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अगुवाई थाना प्रभारी श्रद्धा पचौरी ने की और उपस्थित पुलिस जवानों, विद्यार्थियों व नागरिकों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई। दौड़ के दौरान प्रतिभागियों ने भारत माता की जय और अखंड भारत अमर रहे



जैसे नारे लगाकर देशभक्ति और एकता का संदेश दिया। पचौरी ने कहा कि सरदार पटेल ने देश को एक सूत्र में जोड़ा, हमें उनके आदर्शों पर चलकर राष्ट्र की अखंडता बनाए रखनी चाहिए। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया।

# अनुज ने चारभुजा नाथ की प्राकट्य लीला पर रचा भजन

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।



नगर के युवा गायक और कलाकार अनुज प्रजापत ने महाविष्णु अवतार श्री बांके बिहारी चारभुजा नाथ की प्राकट्य लीला पर आधारित भजन की रचना कर उसका विमोचन किया। भक्ति और इतिहास से जुड़ी यह रचना बिजौलिया की आध्यात्मिक परंपरा को नई ऊर्जा प्रदान कर रही है। अनुज ने बताया कि भजन की प्रेरणा उन्हें स्व. राव सवाई चंद्रवीर सिंह से मिली, जिनसे उन्होंने चारभुजा नाथ मंदिर की स्थापना और दिव्य प्राकट्य कथा सुनी थी। भजन में चारभुजा नाथ की महिमा और उनके चमत्कारों का भावपूर्ण वर्णन किया गया है। वर्तमान में अनुज, शास्त्रीय संगीत की शिक्षा डॉ. सदाशिव गौतम पंडित से प्राप्त कर रहे हैं।



## QUICK BITES

### बड़लियास पुलिस ने आयोजित की रन फॉर यूनिटी

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर



**(सांवर वैष्णव)।** लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को बड़लियास थाना पुलिस की ओर से रन फॉर यूनिटी मैराथन का आयोजन किया गया। दौड़ का शुभारंभ पुलिस थाने से हुआ जो मुख्य बस स्टैंड, चमन चौराया, सवाईपुर चौराया होते हुए चंवरा हनुमान मंदिर पर संपन्न हुई। प्रतिभागियों ने देश की एकता, अखंडता और सद्भाव के नारे लगाकर एकजुटता का संदेश दिया। थाना प्रभारी सिद्धार्थ प्रजापत ने कहा कि सरदार पटेल के अद्भुत योगदान के कारण ही आज भारत एक अखंड राष्ट्र के रूप में खड़ा है।उन्होंने युवाओं से एकता और भाईचारे को बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्रशासक चंद्रप्रकाश रैगर, मुकेश पोरवाल, कैलाश व्यास, रोशन वैष्णव, रतन हरिजन, मुकेश खटीक, साजन कालबेलिया व सीएलजी सदस्य सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### चांदगढ़ में बनास बचाओ आंदोलन को मिला महिलाओं का समर्थन ,पांचवें दिन भी जारी रहा अनिश्चितकालीन धरना

भीलवाड़ा फोकस @सवाईपुर




**(सांवर वैष्णव)।** बनास बचाओ आंदोलन के तहत चांदगढ़ गांव में चल रहा अनिश्चितकालीन धरना शुक्रवार को पांचवें दिन भी जारी रहा। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं भी आंदोलन में शामिल हुईं और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। ग्रामीणों का आरोप है कि महादेव एंक्लेव प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा बनास नदी ब्लॉक नंबर 7 में अवैध बजरी खनन किया जा रहा है, जो उच्च न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन है। ज्ञापन देने के बावजूद कार्रवाई नहीं होने पर ग्रामीणों ने देवनारायण मंदिर प्रांगण में शांतिपूर्ण धरना शुरू किया।ग्रामीणों का कहना है कि जब तक अवैध खनन बंद नहीं होगा, आंदोलन जारी रहेगा। पांच दिन बीतने के बावजूद कोई प्रशासनिक अधिकारी या जनप्रतिनिधि स्थल पर नहीं पहुंचे।

# एकता दिवस पर रन फॉर यूनिटी मैराथन का आयोजन एकजुटता और राष्ट्र अखंडता का दिया संदेश

## भीलवाड़ा में जिला स्तरीय कार्यक्रम में युवाओं का जोश दिखा, कलेक्टर ने दिलाई एकता की शपथ

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा-

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर मनाए गए राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को रन फॉर यूनिटी मैराथन का आयोजन किया गया। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 8 बजे पुलिस लाइंस से हरी झंडी दिखाकर की गई। मैराथन ओवरब्रिज, अजमेर चौराहा, गायत्री आश्रम, सीमाराम जी की बावड़ी, सूचना केंद्र, बालाजी मार्केट से होती हुई पुलिस कंट्रोल रूम तक संपन्न हुई। मैराथन के समापन पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने सभी उपस्थित लोगों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई और सरदार पटेल के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनकी एकता और दृढ़ इच्छाशक्ति ही आज के भारत की नींव है। कार्यक्रम में भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी, जनप्रतिनिधि प्रशांत मेवाड़ा, नगर विकास न्यास सचिव ललित गोयल, एडिशनल एसपी पारस जैन, उपखंड अधिकारी अक्षत कुमार सिंह सहित अनेक अधिकारी, पुलिस कर्मी, विद्यार्थी और कई नागरिक उपस्थित रहे।




# जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

## लंबित प्रकरणों के निस्तारण और जनजातीय गौरव कार्यक्रमों की तैयारियों पर जोर

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक हुई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं, लंबित प्रकरणों और विकास कार्यों की प्रगति पर चर्चा की गई।कलेक्टर ने निर्देश दिए कि निजी बसों व वाहनों की सुरक्षा जांच सुनिश्चित की जाए तथा ट्रैफिक नियमों की उल्लंघना पर सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने पंच गौरव उत्पादों के शेष प्रस्ताव शीघ्र भेजने और आमजन से जुड़े प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण करने पर जोर दिया। संधू ने संपर्क पोर्टल, ई-फाइल व ई-डक प्रणाली के माध्यम से लंबित प्रकरणों की मॉनिटरिंग करने और शिकायत निवारण में पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने जनजातीय गौरव वर्ष के तहत भगवान बिरसा मुंडा जयंती पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी विभाग योजनाबद्ध और प्रभावी रूप से आयोजन की तैयारी करें। बैठक में एडीएम रणजीत सिंह, एडीएम सिटी प्रतिभा देवटिया, सीईओ जिला परिषद चंद्रभान सिंह भाटी, यूआईटी ओएसडी चिमनलाल मीणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



# सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर भाजपा ने चलाया स्वच्छता अभियान

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर भारतीय जनता पार्टी जिला संगठन ने पटेल नगर स्थित मीरा सर्कल के पास स्थित सरदार पटेल मूर्ति स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाया और श्रद्धासुमन अर्पित किए।

कार्यक्रम का नेतृत्व जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने किया, जबकि महापौर राकेश पाठक सान्निध्य में उपस्थित रहे। मेवाड़ा ने जिला कलेक्टर से वार्ता कर बताया कि असामाजिक तत्वों द्वारा पूर्व में हटाई गई सरदार पटेल की मूर्ति शीघ्र पुनर्स्थापित की जाएगी। साथ ही स्थल पर चारदीवारी व साज-सज्जा कार्य करवाने का आग्रह किया गया है। जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि कार्यकर्ताओं ने स्वच्छ भारत अभियान से प्रेरणा लेकर स्थल की सफाई की और सरदार पटेल के सिद्धांतों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर उपमहापौर रामलाल योगी, प्रहलाद त्रिपाठी, कुलदीप शर्मा, गोपाल तेली, अंकुर बोरदिया, महेंद्र नायक, मुकेश सोनी, नरेश जाट सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# कन्या महाविद्यालय में मनाई सरदार पटेल की 150वीं जयंती

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

सेठ मुरलीधर मानसिंहका राजकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसए) के तत्वावधान में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर एक था सरदार विषय पर व्याख्यान एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें छात्राओं ने सरदार पटेल के जीवन से प्रेरणादायक प्रसंग प्रस्तुत किए। प्राचार्य ने राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाते हुए कहा कि सरदार पटेल ने देश की एकता और अखंडता को सशक्त बनाया। प्रो. सुखपाल सिंह ने राष्ट्रीय एकता में सरदार पटेल की भूमिका पर व्याख्यान देते हुए बताया कि उन्होंने 562 रियासतों को एकजुट कर अखंड भारत का निर्माण किया। कार्यक्रम में डॉ. अंजलि अग्रवाल, कृष्ण कुमार मीना, रीना सालोदिया, डॉ. गौरव कारवाल सहित स्टाफ व छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय एकता और सद्भावना के संदेश के साथ हुआ।



# विधायक गोपीचंद मीणा ने किया 2 करोड़ रुपये के नवीन विद्यालय भवन व ग्रामीण सेवा शिविर का शुभारंभ

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर

**(गजानंद जोशी)।** विधानसभा क्षेत्र के खैरुणा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में डीएमएफटी फंड से लगभग 2 करोड़ 64 हजार रुपये की लागत से बनने वाले नवीन विद्यालय भवन का शिलान्यास शुक्रवार को विधायक गोपीचंद मीणा एवं प्रधान प्रतिनिधि किशोर शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। शिलान्यास समारोह में विद्यालय स्टाफ एवं ग्रामवासियों ने विधायक मीणा और प्रधान प्रतिनिधि शर्मा का माला-साफा पहनाकर भव्य स्वागत किया।

इस अवसर पर विधायक मीणा ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। नवीन भवन के निर्माण से विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण मिलेगा। इसी क्रम में ग्राम टिटोडा एवं बैई पंचायत में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविरों का भी विधायक मीणा एवं प्रधान प्रतिनिधि शर्मा ने शुभारंभ किया। शिविरों में उपस्थित ग्रामीणों को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई और विभिन्न विभागों द्वारा सुविधाओं का लाभ मौके पर ही उपलब्ध कराया गया। विधायक मीणा ने कहा कि ग्रामीण सेवा शिविर सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के संकल्प को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हैं। इन शिविरों के माध्यम से जनसुविधाएं आमजन तक आसानी से पहुंच सकेंगी। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।



भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# मांडलगढ़ रेलवे स्टेशन पर अमृत संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन






**भीलवाड़ा फोकस @ माण्डलगढ़ ।**

**(रईस मंसूरी)** नगर स्थित रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के साथ स्टेशन विकास, स्वच्छता एवं नागरिक कर्तव्यों पर सार्थक संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पंच-प्राण सिद्धांतों तथा रेल मंत्रालय के विशेष अभियान 5.0 के अंतर्गत पश्चिम मध्य रेलवे, कोटा मंडल के अंतर्गत आने वाले मांडलगढ़ अमृत भारत स्टेशन पर शुक्रवार को अमृत संवाद कार्यक्रम का आयोजन में रेलवे स्टेशन के विकास, सौंदर्यीकरण, स्वच्छता, यात्री सुविधाओं में सुधार तथा नागरिक कर्तव्यों के पालन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस अवसर पर कोटा मंडल से मंडल वाणिज्य प्रबंधक किशोर पटेल, सहायक परिचालन प्रबंधक शशिभूषण शर्मा, यातायात निरीक्षक जय सिंह, वाणिज्य निरीक्षक नरेंद्र वर्मा एवं सुआलाल, स्टेशन अधीक्षक मांडलगढ़ विधायक प्रतिनिधि मनोज सनाढ्य, वरिष्ठ अधिवक्ता कैलाश चन्द्र तम्बोली ओर मांडलगढ़ के गणमान्य नागरिको सहित यात्रियों ने भाग लिया।

# तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत जिलेभर में गूंजा तंबाकू निषेध का संदेश

## नशे से दूरी बनाकर तंबाकू मुक्त समाज बनाने का आह्वान

**भीलवाड़ा फोकस @भीलवाड़ा ।**

तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत शुक्रवार को जिलेभर के विद्यालयों और चिकित्सा संस्थानों में तंबाकू निषेध शपथ कार्यक्रम आयोजित हुए। विद्यार्थियों, शिक्षकों, स्वास्थ्यकर्मियों और आमजन ने तंबाकू का सेवन न करने और दूसरों को भी इसके दुष्प्रभावों से बचाने की शपथ ली। सीएमएचओ डॉ. रामकेश गुर्जर ने कहा कि



तंबाकू का कोई भी रूप बीड़ी, सिगरेट, गुटखा या खैनी शरीर के लिए घातक है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवन शैली अपनाने और तंबाकू मुक्त वातावरण बनाने की अपील की। ग्रामीण क्षेत्रों में आशा, एएनएम और स्वास्थ्य टीमों ने घर-घर जाकर तंबाकू सेवन से होने वाले नुकसान जैसे कैंसर, हृदय व फेफड़ों की बीमारियों की जानकारी दी। डिप्टी सीएमएचओ डॉ. प्रवीण झरवाल ने बताया कि युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही तंबाकू मुक्त समाज का सपना साकार होगा। यह अभियान 8 दिसंबर तक चलेगा, जिसमें जागरूकता रैलियां, प्रतियोगिताएं और स्वास्थ्य वार्ताएं आयोजित की जाएंगी।

# राष्ट्रीय एकता दिवस एवं मेगा पीटीएम का आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।**

**(मूलचंद पेसवानी)**

पीएम श्री वीर माता माणिक कंवर राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, शाहपुरा में शुक्रवार को राष्ट्रीय एकता दिवस एवं मेगा पैरेंट-टीचर मीटिंग (पीटीएम) का आयोजन उत्साहपूर्वक हुआ।कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना सभा व राष्ट्रीय एकता की शपथ से हुई। अभिभावकों ने अपने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति की जानकारी शिक्षकों से प्राप्त की और प्रखर राजस्थान 2.0 के कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। कक्षा 3 से 12 तक छात्राओं के बीच पोस्टर, निबंध, भाषण, नारा लेखन व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।विशेष अतिथि आरएएस चयनित ज्योत्सना राणावत ने छात्राओं को मेहनत व लगन से सफलता पाने की प्रेरणा दी, जबकि मुख्य अतिथि एसीबीईईओ सत्यनारायण कुमावत ने सरदार पटेल व बिरसा मुंडा के आदर्शों को अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन इंदिरा जैन ने किया।



इस अवसर पर प्राचार्य रीता धोबी, शंकर जी जोशी, स्वराज सिंह शेखावत, कैलाश चंद्र धाकड़, मुमताज खां कायमखानी, पीयूष गदिया, ज्योति सुमन, किरण सोडा, रश्मि व्यास सहित विद्यालय स्टाफ व छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के अंत में विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया गया और कृष्ण भोग का आयोजन हुआ।

# जनसेवा और करुणा का संगम गौसेवा में सराहनीय पहल

## श्याम सेवा समिति ने जीवरक्षणम टीम को दी 55 हजार की दवाइयां




**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**(मूलचंद पेसवानी)** शाहपुरा में श्याम सेवा समिति ने गौसेवा के प्रति संवेदनशील पहल करते हुए शुक्रवार को जीवरक्षणम टीम को लगभग 55 हज़ार रुपए मूल्य की दवाइयों की खेप सौंपी। यह दवाइयां घायल व बीमार गौवंश के उपचार हेतु प्रदान की गईं।

समिति प्रवक्ता ने बताया कि गौसेवा सर्वोपरी है की भावना से प्रेरित होकर यह सहयोग किया गया है। पूर्व में भी समिति ने दवाइयां उपलब्ध कराई थीं, जिनसे कई गौवंश का जीवन बचाया गया। समिति ने कहा कि ऐसे सेवा कार्य आगे भी जारी रहेंगे। जीवरक्षणम टीम ने समिति का आभार जताते हुए बताया कि शाहपुरा क्षेत्र में प्रतिदिन घायल व बीमार गौवंश की सेवा की जा रही है। टीम ने घायल पशुओं को शिफ्ट करने हेतु वाहन की आवश्यकता बताई और कहा कि वाहन मिलने से सेवा कार्य और प्रभावी हो सकेगा।

# आमली कला में बेटी जन्म उत्सव व गोदभराई कार्यक्रम सम्पन्न



**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

ग्राम सेवा शिविर के तहत ग्राम पंचायत आमली कला में शुक्रवार को बेटी जन्म उत्सव एवं गोदभराई कार्यक्रम हर्षोल्लास से मनाया गया। शिविर में नवजात बालिकाओं के सम्मान में केक काटा गया व ड्रेस और बेबी किट वितरित की गईं। साथ ही गर्भवती महिलाओं सोनिया रेगर और सीमा जाट की गोदभराई की रस्म संपन्न हुई। इस अवसर पर सरपंच सत्यनारायण मालू, डॉ. सत्यनारायण शर्मा, विकास अधिकारी प्रकाश चंद्र स्वर्णकार, ब्लॉक समन्वयक आईशा खान, सुपरवाइजर पूजा मीना, सोफिया बानू, रमा मालू, सरोज जोशी, प्रकाश टेलर सहित अनेक अधिकारी, कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। ब्लॉक समन्वयक आईशा खान ने महिलाओं को स्वास्थ्य, पोषण व सरकारी योजनाओं की जानकारी दी और अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

## QUICK BITES

# मांडलगढ़ में पुलिस ने रन फॉर यूनिटी का किया आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़ ।**




लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर मांडलगढ़ पुलिस द्वारा शुक्रवार को रन फॉर यूनिटी मैराथन का आयोजन किया गया। दौड़ की शुरुआत विधायक गोपाल खंडेलवाल ने हरी झंडी दिखाकर पुलिस थाना परिसर से की, जो स्टैच्यू सर्किल तक आयोजित हुई। इस अवसर पर विधायक खंडेलवाल, पालिकाध्यक्ष संजय डांगी, डीएसपी बाबूलाल विश्नोई एवं थानाप्रभारी घनश्याम मीणा ने पौधरोपण किया और स्वच्छता अभियान के तहत थाना परिसर में सफाई कार्य किया।कार्यक्रम के दौरान सरदार पटेल के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई और राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई। पुलिसकर्मियों, शिक्षकों, सीएलजी सदस्यों, पालिका कर्मियों और आमजन ने एकता, अखंडता और सद्भाव का संदेश दिया। डीएसपी बाबूलाल विश्नोई ने कहा कि सरदार पटेल के योगदान से ही भारत आज एक अखंड राष्ट्र के रूप में खड़ा है। उन्होंने युवाओं से देश की एकता और भाईचारे को बनाए रखने की अपील की।

# एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**भीलवाड़ा फोकस @ महुआ**




**(महावीर वैष्णव)।** ग्राम पंचायत दोलपुरा के किशनपुरिया गांव में कृषि विभाग द्वारा राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन (एनएमईओ) योजना के तहत एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय कृषक प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत प्रशासक रामजस शर्मा ने की, जिसमें करीब 100 किसानों ने भाग लिया।कार्यशाला में सहायक कृषि अधिकारी मांडलगढ़ ने तिलहनी फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने संबंधी जानकारी दी। संपत्त सिंह सोलंकी ने प्रमाणित बीज और सरसों की उन्नत किस्मों पर चर्चा की, जबकि उमराव सिंह सोलंकी ने बीज उपचार, भूमि तैयारी और रोग प्रबंधन की जानकारी दी। दुर्गाशंकर आचार्य ने सॉइल हेल्थ कार्ड के आधार पर खाद और उर्वरक उपयोग के महत्व पर प्रकाश डाला। प्रधान जाट ने कृषि विभाग की अनुदानित योजनाओं की जानकारी दी, और महावीर वैष्णव ने तिलहनी फसलों में कीट पहचान व नियंत्रण पर प्रशिक्षण दिया। मोड़ू लाल धाकड़ ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और सॉइल हेल्थ कार्ड की जानकारी दी। कार्यशाला के अंत में किसानों को राज किसान सुविधा ऐप और ज्ञान धारा कार्यक्रम के बारे में बताया गया।

# राष्ट्रीय संकल्प एवं एकता दिवस पर पुष्पांजली सभा का हुआ आयोजन

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**



**(मूलचंद पेसवानी)** भारत रत्न इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि (राष्ट्रीय संकल्प दिवस) और लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती (राष्ट्रीय एकता दिवस) के अवसर पर शुक्रवार को नगर कांग्रेस कार्यालय, बालाजी की छतरी पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित हुई। कार्यक्रम का नेतृत्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष बालमुकुंद तोषनीवाल, पीसीसी सदस्य संदीप महावीर जीनगर और पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष अशोक भारद्वाज ने किया। दोनों नेताओं के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर दो मिनट का मौन रखा गया। संदीप जीनगर ने कहा कि इंदिरा गांधी शक्ति, संकल्प और सशक्त नेतृत्व की प्रतीक थीं, जबकि अशोक भारद्वाज ने कहा कि सरदार पटेल ने रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत की नींव रखी। बालमुकुंद तोषनीवाल ने दोनों नेताओं के योगदान को राष्ट्र निर्माण की दिशा में प्रेरणादायक बताया। इस अवसर पर रमजान खान कायमखानी, रामेश्वर सोलंकी, अविनाश शर्मा, रहड़ शंकर रैगर, सूरतराम जाट, रमेश शर्मा, जगदीश शोत्रीय, आनंद सेठी, डॉ. इशाक खान, मुबारिक हुसैन रंगरेज, प्रभु सुगंधी, शंकर खटीक, सदीक पठान, मदन सर्वा, रजत जैन, धनराज जीनगर, रामचंद्र बैरवा, गुड्डू खां कायमखानी, सलीम खान और अमजद खान सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे। अंत में सभी ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने का संकल्प लिया।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।